ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 12-08-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-08-12 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-08-13	2022-08-14	2022-08-15	2022-08-16	2022-08-17
वर्षा (मिमी)	2.0	15.0	35.0	10.0	8.0
अधिकतम तापमान(से.)	24.0	24.0	23.0	23.0	22.0
न्यूनतम तापमान(से.)	16.0	16.0	15.0	15.0	15.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	90	90	95	95	95
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	55	60	65	65	65
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	120	70	70	70	135
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	4	8	5	5

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, 14 अगस्त को मध्यम वर्षा तथा शेष दिन बूंदा-बांदी या हल्की वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 22.0 से 24.0 व 15.0 से 16.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 17 से 23 अगस्त के दौरान राज्य में वर्षा, अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि नैनीताल जिले के लिए एनडीवीआई 0.1-0.35 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों (14 जुलाई से 10 अगस्त के दौरान) से जिले में हल्की सूखे की स्थिति दर्शाता है | किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) ओं और ऐप संेटसें र (आईओएस उपयोगकर्ताओं) ओं से डाउनलोड किया जा सकता है| पशुओं को बारिश का पानी न पिलायें व खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें तथा रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। अत्यधिक वर्षा के कारण फल पौधों के थालों में एकत्रित पानी के निकास की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 14 अगस्त को मध्यम वर्षा तथा शेष दिन बूंदा-बांदी या हल्की वर्षा होने की सम्भावना है। सदाबहार फल पौधों जैसे आम, अमरूद, नींबू, पपीता, लीची आदि फल पौधों को लगायें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	वर्षा के पश्चात् अथवा मिट्टी में उपयुक्त नमी होने पर चेतकी/जेठी धान में 1.25 किग्रा यूरिया प्रति नाली की दर से टॉप-ड्रेसिंग करें।
मक्का	आगामी दिनों में वर्षा पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि मक्का की फसल में अभी सिंचाई न करें व खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।
गन्ना	अगस्त के प्रथम पखवाड़े में जमीन से 1.5 से 2 फीट की ऊँचाई पर प्रत्येक कतार के 5-6 गन्नों को एक साथ सूखी पत्तियो से बंधाई करें। इससे अधिक वर्षा व तेज हवाओं के कारण गन्ना गिरता नही हैं।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
ब्रोकोली	मूली, बंदगोभी, ब्रोकली एवं शलजम की अगेती प्रजातियो का प्रतिरोपण करें।
सब्जी पीईए	असिंचित मध्यम ऊँचे पर्वतीय क्षेत्रों में अगस्त मध्य में सब्जी मटर की बुवाई हेतु मटर की अगेती किस्मों के बीज की व्यवस्था कर बुवाई करें। ध्यान रहें की बीज उपचारित हो। साथ ही यदि अधिक वर्षा हो रही हो तो बीज की बुवाई 15 अगस्त के पश्चात ही करे।
सेम की फली	फ्रासबीन में सफेद सड़न की रोकथाम हेतु कार्बेन्डाजिम 1 ग्राम/लीटर का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करे।
राजमा/ लोबिया	लोबिया में सफेद सड़न की रोकथाम हेतु कार्बेन्डाजिम 1 ग्राम/लीटर का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करे।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	पशु को ब्याने के बाद अच्छी तरह से साफ-सफाई करके यूटरोटाने/हरीरा/गाइनोटोन नामक दवा में से किसी एक दवा की 200 मिली मात्रा सुबह शाम तीन दिनों तक गर्भाशय की सफाई हेतु देनी चाहिए।